## खबर संक्षेप

### डिसेंट पब्लिक स्कूल के परीक्षा परिणाम घोषित

**छिंदवाड़ा।** गुरूवार को डिसेंट पब्लिक स्कूल कामठी द्वारा शाला का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया । जिसमें नर्सरी - अक्षिता पहाड़े 91.6 प्रति., शिवांगी पहाड़े 89.5 प्रति., तरूण पहाड़े 86.1 प्रति., के.जी. 1 पूरब राउत 95.8 प्रति., मीनाक्षी धुर्वे 95.5 प्रति., दिव्यांशी पहाड़े 94.3 प्रति., के.जी.-ii अवनि पाटिल 91.3 प्रति., महक चन्द्रवंशी 89.6 प्रति., प्रिंसी राउत 89 प्रति., पहली मानवी भादे 96.8 प्रति., कनक पाटिल 88.8 प्रति., समर्थ खबसे 87.8 प्रति., दूसरी प्रिंस पवार 97.5 प्रति., इशिता वानखड़े 94.5 प्रति., अम्बिका चन्द्रवंशी 93.3 प्रति., तीसरी अंकुर पवार 94.5 प्रति., हिमांशी भादे 93.7 प्रति., देवांशु भादे 92.6 प्रति., चैथी परिधि पवार 96.7 प्रति., मांसी राउत 93.6 प्रति., न्याशा राउत 91 प्रति., छटवीं क्षेया देशमुख 97 प्रति., आयुष पवार 96.3 प्रति., प्रियांशु पवार 88 प्रति., अनामिका भादे 96.3 प्रति., अनन्या भादे 95.2 प्रति, नन्दिनी मदनकर 94.2 प्रति., कक्षा सातवीं जिसमें पालकगण एवं शाला संचालक डी.पी. मालवीय, प्रधान पाठक संजय भादे, शिक्षक, शिक्षिकाएं आरती देशमुख, संगीता भादे, ज्योति डिगरसे, काजल कड़वे, कीर्ति राउत उपस्थित रहे ।

### एक अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा जिले के चौरई क्षेत्र के 2 उपार्जन केन्द्रों में लापरवाही पाये जाने और उच्च अधिकारियों के निर्देशों की स्पष्ट अवहेलना करने पर यह कृत्य कदाचरण की श्रेणी में आने पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी चौरई श्री रवि मोकासी को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिनों के भीतर जबाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं । समयावधि में जबाव प्रस्तुत नहीं करने अथवा जबाव संतोषजनक नहीं पाये जाने पर संबंधित अधिकारी के विरूध्द निलंबन की कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि गत दिवस चौरई क्षेत्र में लिखड़ी और चौरई उपार्जन केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि उपार्जन केन्द्रों में वेयर हाउस में पूर्व से ही खाद्यान्न रखा हुआ है।

## कांग्रेस को लगेगा सबसे बड़ा झटका, कमलनाथ के सारथी रहे हैं दीपक, 45 साल से है रिश्ता

# काफिला हुआ रवाना, दीपक होंगे भाजपा के

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



बड़े काफिले के साथ जिले के कद्दावर नेता दीपक सक्सेना लावा लश्कर के साथ भोपाल के लिए रवाना हो चुके है। संभवतः वे शुक्रवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे,साथ ही उनके साथ सैकडों की संख्या में कांग्रेसी कांग्रेस का साथ छोड़ भाजपा में शामिल होंगे। नाथ परिवार का चुनाव अब भावुक टिप्पणियों पर केंद्रित हो गया है। वे बार बार अपने 45 साल के रिश्तों और छिंदवाड़ा की जनता को अपना परिवार बताकर मतदाताओं को रिझाने का प्रयास कर रहे है जबकि नगर निगम के महापौर विधायक कमलेश शाह और अब दीपक सक्सेना जैसे कई नेता पंजे का साथ छोड़ते नजर आ रहे है। पूर्व सीएम कमलनाथ और दीपक सक्सेना का लगभग 45 वर्षों का साथ अब टूटते नजर आ रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दीपक सक्सेना शुक्रवार को भोपाल पहुंचकर भाजपा का दामन थाम सकते हैं। इसके पूर्व उनके पुत्र अजय सक्सेना ने भाजपा का हाथ पहले ही थाम लिया है।

दीपक सक्सेना ने पहले ही कांग्रेस के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। इसी से कुछ हद तक लग रहा था कि वे जल्द ही भाजपा का दामन थामेंगे अब यह बात सच होते नजर आ रही है। वे शुक्रवार को भोपाल में भाजपा का दामन थामेंगे। दीपक सक्सेना के पूर्व अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह ने भी भाजपा का दामन थामा था तब कमलनाथ और कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगा था क्योंकि पूर्व लोकसभ चुनाव में सिर्फ अमरवाड़ा से ही 22 वोटों कीलीड मिली थी। सांसद नकुलनाथ की जीत के लिए हर्रई क्षेत्र के आदिवासी वोट निर्णायक साबित हुए थे। राजा कमलेश शाह के जाने के बाद सांसद नकुलनाथ ने भरे मंच से उन्हें गद्दार और बिकाऊ कहा था जिसकी आदिवासी समाज ने आदिवासी समाज का घोर अपमान बताया था। वहीं भाजपा ने इस मुद्दे को निर्वाचन आयोग तक भी पहुंचाया है क्योंकि आचार संहिता में आदिवासी नेता के विरूद्ध किया गया यह प्रहार कांग्रेस की बौखलाहट को प्रदर्शित करता है। अब जबकि दीपक सक्सेना भाजपा का हाथ थामने जा रहे है तब यह बात तो तय है कि वे साधारण तरीके तो भाजपा की सदस्यता ग्रहण नहीं करेंगे। कद्दावर नेता होने के कारण अपने सैकड़ों वाहन रैली लावा लश्कर के साथ ही भोपाल पहुंचकर भाजपा की सदस्यता लेंगे। वैसे सूत्रों से खबर है कि सौ से अधिक गाड़ियों का काफिला भोपाल के लिए रवाना हो गया है। विश्वस्थ सूत्रों से जानकारी मिली है कि जब कमलनाथ पांच मिनिट के लिए दीपक सक्सेना के घर रोहना गए थे तब पांच मिनिट में बंद कमरे में ऐसा क्या हुआ कि दीपक सक्सेना की सांसे फूलने लग गई थी और इसके साथ ही उन्होंने तुरंत अपने सहयोगियों को भोपाल चलने के लिए फोन लगाना शुरू कर दिया था।

आज पिछले 15 दिनों से चली आ रही कहानी का पटाक्षेप हो सकता है क्योंकि एक वाहनों का बड़ा काफिला भोपाल की ओर रवाना हुआ है, वहीं नाथ परिवार अपने परिवार के महत्वपूर्ण सदस्यों को अपने से टूटता हुआ देखकर विचलित तो है क्योंकि इतना विचलन छिंदवाड़ा कांग्रेस की राजनीति में कभी देखने को नहीं मिला। विपरीत परिस्थितियों और अग्नि परीक्षा के समय जिस तरह विवेक बंटी साहू अटल होकर चुनाव प्रचार कर रहे है। भाजपा के खेमे में जिस तरह का उत्साह देखने को मिल रहा है वह अभूतपूर्व है। कांग्रेस की भगदड़ कांग्रेस की वास्तविक स्थिति को दर्शा रही है। यद्यपि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को लोग व्यक्तिगत तौर पर तो पसंद करते है परंतु उनकी परिवारवाद की नीति उनके कार्यालय सचिव संजय श्रीवास्तव की करतूतों के कारण भी उन्हें आम कार्यकर्ता और अपने ही निकट के नेताओं का विरोध झेलना पड़ रहा है। वैसे कमलनाथ जैसे कद्दावर नेता की जो तूती बोलती थी वह अब समय के साथ साथ कम होती नजर आ रही है क्योंकि भाजपा के सामने नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री का एक प्रभावी चेहरा बनकर सामने आया है और यह माना जा रहा है कि पीएम के पद के पद वे प्रबल दावेदार है वहीं कांग्रेस की तरफ से कहीं भी यह नहीं कहा जा रहा है कि राहुल गांधी या कोई अन्य ऐसा नेता जो इनके गठबंधन में शामिल है, प्रधानमंत्री की दौड़ में है।

बहरहाल अब अधिकांश मतदाता शिक्षित हो गई है और वे तय कर चुके है कि उन्हें अपना मत कहा देना है। 19 तारीख को छिंदवाड़ा में होने वाला मतदान यह तय कर देगा कि छिंदवाड़ा की हॉट सीट का दावेदार कौन है। जैसे जैसे मतदान का समय पास आते जा रहा है वैसे वैसे दोनों प्रमुख दलों के अलावा 13 अन्य प्रत्याशी प्रचार प्रसार में तल्लीनता से लगे हुए है।

## आवागमन में आ रही है परेशानी

# सीएम राईज स्कूल निर्माण में सामग्री ला रहे भारी वाहनों से आंतरिक मार्ग हो रहा क्षतिग्रस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया में निर्माणाधीन सीएम राइज, स्कूल निर्माण में ठेकेदार की मनमानी निर्माण कार्य के शुरुआती दौर से ही चल रही है। इसके प्रत्यक्ष उदाहरण है। कि इन्होंने खेल परिसर के खेल मैदान पर अपने रसूख के दम पर आधे खेल मैदान पर कब्जा कर खेल परिसर में खेल के लिए निवासरत , छात्रों को खेल सुविधा से वंचित किया । वहीं निर्माण कार्य में मिली झाड़ काटने की अनुमति की आड़ में । इन्होंने एक दर्जन आम के हरे भरे फलदार पेड़ काटकर पर्यावरण एवं एनजीटी का खुला उल्लंघन कर डाला । एवं निर्माण कार्य में लग रही सामग्री बेहद दोयम दर्जे की है। जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही हो रही है । निर्माण कार्य गुणवत्ता के अभाव के साथ चल रहा है। लेकिन अब इस निर्माणाधीन भवन के लिए आने वाले बड़े-बड़े वाहन जो 30 से 35 टन तक वजन लेकर आते हैं। उनके कारण मुख मार्ग से निर्माण स्थल तक जो स्कूल जाने के लिए आंतरिक मार्ग है। वह क्षतिग्रस्त होने लगा है। जिससे मोहल्ले वासीयो को सड़क क्षतिग्रस्त होने से आवागमन में परेशानी हो रही है। इस तरह ठेकेदार की मनमानी शासन के साथ-साथ अब आमजन के लिए भी मुसीबत बन चुकी है। प्रशासन को शीघ्र इस मार्ग पर भारी वाहन प्रवेश पर रोक लगाना चाहिए,। नहीं तो ठेकेदार की, निर्माण सामग्री ला रहे भारी वाहनों के कारण यह रास्ता और बदतर हालत में चला जाए तो कोई आश्चर्य की बात नहीं है । लेकिन सबसे आचार्य की बात यह है। कि ठेकेदार की इतनी मनमानी के बावजूद भी राजस्व, विभाग लोक निर्माण विभाग, सीएम राईज, प्रचार्य सब के सब, क्यों मौन साधे हुए हैं।

# 59 वाहनों से वसूले 25 हजार 100 रूपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



आगामी लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं शांतिपूर्वक संपन्न कराने जाने के लिए पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक रामेश्वर चौबे यातायात छिंदवाड़ा के नेतृत्व में रक्षित निरीक्षक राकेश तिवारी थाना प्रभारी यातायात के द्वारा गुरूवार को वाहनों की जांच की गई। इस दौरान सर्च लाइट का उपयोग, वाहनों पर विज्ञापन लिखवाने यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर 59 वाहनों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए 25 हजार 100 रूपए समन शुल्क राशि प्राप्त की गई। इसके साथ ही साथ वाहन चालकों को भी समझाईश दी गई कि यातायात नियमों का पालन करें और पुलिस को सहयोग प्रदान करे।

### 8 वाहनों से वसूला दस हजार पांच सौ का जुर्माना

**छिंदवाड़ा।** अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि परिवहन जांच दल द्वारा आज अमरवाड़ा-हर्रई मार्ग पर वाहनों की सघन जाँच की गई जिसमें बिना एच.एस.आर.पी.नम्बर प्लेटों की जांच का कार्य प्रमुखता से कर कार्यवाही की गई। इस दौरान जिन वाहन संचालकों द्वारा मोटरयान अधिनियमों का उल्लंघन करने और वाहनों में हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट नहीं लगाने पर ऐसे वाहनों पर तत्काल चालानी कार्यवाही करते हुये 8 वाहनों 10500 रूपये का जुर्माना लिया गया जिसमें हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट नहीं लगाने पर 4 वाहनों पर चालानी कार्यवाही से 2000 रूपये का लिया गया जुर्माना शामिल है।

# शराब सप्लाई के लिए किराना दुकान को ही बना दिया ठिकाना

**चौरई।** चौरई पुलिस की एफ एस टी टीम ने किराना दुकान को मदिरा की दुकान रख कर शराब बेच रहे आरोपित को गिरफ्तार किया है। आबकारी एक्ट 34(1)के तहत मामला दर्ज कर लिया है। उसने चुनाव के दौरान शराब सप्लाई करने के लिए दुकान में 27पेटियां 12 बियर,8 पाव अंग्रेजी की थीं। गांव क्षेत्र मे आने वालों को वह बाजार रेट पर शराब बेच रहा था। ग्राम खैराजी मे आदर्श आचार संहिता के चलते चैकिंग के दौरान थाना प्रभारी संजय भलावी के नेतृत्व मे ग्राम की किराना दुकान मे पुलिस टीम ने खेरंजी ग्राम से निवासी के कब्जे से उक्त अभियुक्त के विरुद्ध धारा34(1) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार किया है। एफ एस टी टीम मे प्रधान आरक्षक आशीष बघेल,मुकेश सिसोदिया रहे।



## हाथ में पोस्टर एवं स्लोगन लेकर शहरी मतदाताओं को किया जागरूक




**छिंदवाड़ा।** नवीन एवं शहरी मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान हो इस हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन में एवं सीईओ जिला पंचायत एंव स्वीप नोडल अधिकारी श्री पार्थ जयसवाल एवं संस्था प्राचार्य प्रो श्रीमती स्मृति हाबिल के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है । एनएसएस के जिला संगठक प्रो रविंद्र नाफड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि डेनियलसन डिग्री कॉलेज के एनएसएस के विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता अभियान में शामिल होकर मतदाता जागरूकता के नारों और स्लोगन की तख्ती हाथ में लेकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इस अभियान कार्यक्रम में एनएसएस के जिला संगठक प्रो रविन्द्र नाफडे के नेतृत्व में कॉलेज की कैंपस एंबेसेडर सुश्री जेबा अंसारी विजय प्रजापति, चंचलेश वर्मा,कु राधिका सारवे, योगेश ग्यार और कॉलेज के अन्य विद्यार्थीयों ने शामिल होकर शत प्रतिशत मतदान के लिए आम जन को प्रेरित किया।

# विशाल और लोकेश को मिला यूनिट कैम्प अवॉर्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के रासेयो कार्यक्रम समन्वयक डॉ शोभाराम मेहरा व छिन्दवाडा जिला संगठक डॉ रवीन्द्र नाफ़डे के निर्देशन में शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिन्दवाडा के प्राचार्य डॉ लक्ष्मीचंद के संरक्षण व मार्गदर्शन में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो महेन्द्र साहू व डॉ मंशाराम उइके के नेतृत्व मे सात दिवसीय पूर्णकालिक आवासीय विशेष शिविर दिनांक 25 मार्च से 31मार्च तक ग्राम बनगांव में आयोजित हुआ जिसमें श्रम,सेवा,सहयोग के साथ कार्य करने वाले स्वयंसेवको को सम्मानित किया गया विदित होवे कि उक्त समारोह में शिविरनायक विशाल सलामे व उपशिविरनायक लोकेश सनोडिया को श्रम,सेवा,सहयोग के साथ शिविर के संचालन में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रशस्ति पत्र, मेडल व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार व छिन्दवाडा जिला रासेयो स्वयंसेवको द्वारा शुभकामनाएँ व बधाई दी गयी।

# दो शिक्षकों एवं एक भृत्य को नोटिस

**जिला शिक्षा अधिकारी बघेल ने किया 4 स्कूलों व मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल द्वारा आज ग्राम जमुनिया, झिरी, सारना और चारगांव प्रहलाद में शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक व उच्च माध्यमिक शालाओं का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 2 शिक्षकों और एक भृत्य के अनुपस्थित पाये जाने पर उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया । साथ ही 2 शालाओं व आंगनवाडी केन्द्रों में मध्यान्ह भोजन वितरण की व्यवस्था का जायजा भी लिया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक संचालक शिक्षा श्री डी.पी.डेहरिया व संकुल प्राचार्य श्री आर.एस.बघेल भी साथ में थे।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री बघेल ने बताया कि ग्राम जमुनिया की शासकीय माध्यमिक शाला के निरीक्षण के दौरान कक्षा आठवी के छात्र/छात्राओं को टीव्ही के माध्यम से पढ़ाया जाना पाया गया जिसमें 22 छात्र व 3 शिक्षक उपस्थित पाये गये। उन्होंने लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये मतदान केन्द्र का निरीक्षण भी किया जिसमें साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था व शौचालय की व्यवस्था देखी । उन्होंने शाला परिसर के समीप शासकीय प्राथमिक शाला झिरी का निरीक्षण किया जिसमें कुल दर्ज 24 छात्र व 2 शिक्षकों में से एक शिक्षक उपस्थित पाये गये। एक प्राथमिक शिक्षिका सुश्री विद्या सूर्यवंशी के अनुपस्थित पाये जाने पर उसे कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। इसी प्रकार शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सारना में कुल दर्ज 241 छात्रों और 23 शिक्षकों में से 22 शिक्षक उपस्थित पाये गये और एक उच्च श्रेणी शिक्षक श्री एस.एस.सल्लाम के 21 मार्च से लगातार अनुपस्थित रहने पर उसे कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। भृत्य श्री जागेश्वर चन्द्रवंशी के 24 फरवरी से लगातार अनुपस्थित रहने पर उसे भी कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। शासकीय हाई स्कूल चारगांव प्रहलाद के निरीक्षण के दौरान शाला में दर्ज 83 छात्र व 12 शिक्षक उपस्थित पाये गये और मतदान केन्द्र में साफ-सफाई, बिजली, पानी आदि की व्यवस्था ठीक पाई गई।

# एक प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी

**तीन दिनों के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा गत दिवस जिले के पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांद के निरीक्षण के दौरान संस्था के प्राचार्य श्री यू.के.बंजारे के समय से पूर्व संस्था से चले जाने और मुख्यालय पर निवास नहीं करने पर प्राचार्य श्री बंजारे को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिनों के भीतर जबाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं । समयावधि में जबाव प्रस्तुत नहीं करने अथवा जबाव संतोषजनक नहीं पाये जाने पर संबंधित अधिकारी के विरूध्द निलंबन की कार्यवाही की जायेगी।

कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि गत दिवस चांद क्षेत्र में शाम 4:45 बजे पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांद के निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि विद्यालय के प्राचार्य श्री बंजारे समय के पूर्व शाम 4 बजे ही विद्यालय छोड़कर छिंदवाड़ा जा चुके हैं । निरीक्षण के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि वे चांद मुख्यालय पर निवास नहीं करते हुये जिला मुख्यालय छिंदवाड़ा में निवास करते हैं। पीएमश्री विद्यालय का संचालन एक महत्वाकांक्षी परियोजना है जिसकी जिम्मेदारी प्राचार्य को सौंपी गई है और प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारी को अपने नियत मुख्यालय पर ही निवास करने के निर्देश दिये गये हैं, किन्तु प्राचार्य श्री बंजारे द्वारा समय से पूर्व संस्था से चले जाने और मुख्यालय पर निवास नहीं करने का कृत्य निर्देशों की स्पष्ट अवहेलना और अपने कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही का द्योतक होने व कदाचरण की श्रेणी में आने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है ।

## सूर्य नमस्कार कर किया वृक्षारोपण - पक्षियों के लिए रखे जलपात्र



**छिंदवाड़ा** । चैत्र बदी चतुर्थी गुरुवार 4 अप्रैल के शुभ दिन विविध अनुष्ठानों के साथ छिंदवाड़ा के नागपुर रोड स्थित आई. सी. एस. ई. पाठ्यक्रम पर आधारित स्कूल अरिहंत इंटरनेशनल एकेडमी में वर्ष 2024 के शिक्षा सत्र का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर अरिहंत एकेडमी के चेयरमैन संजीव जैन, डायरेक्टर दीपक राज जैन, ब्रजेश महेश्वरी, प्राचार्य रविशंकर माथुर ने सुंदर विचार रख विद्यार्थियों में उच्च शिक्षा के साथ संस्कारों का बीजारोपण किया। वर्ष 2024 के शिक्षा सत्र का शुभारंभ सूर्य नमस्कार से हुआ पश्चात ए. आई. ए. प्रबंधन सहित समस्त गुरुजनो एवं विद्यार्थियों ने राष्ट्रगान कर मेरी भावना का पाठ पढ़कर विश्व शांति की मंगल कामना की।

## आदिवासियों और गरीबों का अपमान नकुलनाथ का सगल

# राजनीति नकुलनाथ के लिए एन्जॉय, हमारे लिए गरीब कल्याण का मिशन: बंटी साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



भाजपा लोकसभा प्रत्याशी बंटी विवेक साहू ने गुरुवार को पांढुर्णा विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क की शुरुआत करते हुए सर्वप्रथम वीरांगना झलकारी बाई की पुण्यतिथि पर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्री साहू ने वीरांगना झलकारी बाई के सम्मान में कहा कि "रण में ललकारी थी, वह तो झांसी की "झलकारी" थी।" उन्होंने कहा कि स्वाधीनता संग्राम में झांसी की रानी के साथ ब्रिटिश सेना के विरूद्ध अद्भुत वीरता से लड़ते हुए कई हमलों को विफल करने में अहम भूमिका निभाने वाली, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की सेना में महिला शाखा दुर्गा दल की सेनापति वीरांगना झलकारी बाई जी के बलिदान दिवस पर उन्हें हम कोटि-कोटि नमन करते हैं। इस दौरान नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी बंटी विवेक साहू ने कहा कि अब तो नकुलनाथ ने खुद ही कह दिया है कि "12 दिन काम कर लो फिर 5 साल एन्जॉय करेंगे।" उन्होंने कहा कि नकुलनाथ छिंदवाड़ा की जनता के भरोसे को हवा में उड़ाकर एंजॉय करते हैं। नकुलनाथ के लिए चुनाव एक इवेंट है और छिंदवाड़ा उनका पसंदीदा पिकनिक स्पॉट है। उनके लिए सांसद पद जिम्मेदारी नहीं एन्जॉय का पद है, वे ये नहीं जानते कि एक सांसद के ऊपर पूरे लोकसभा क्षेत्र की जनता की जिम्मेदारी होती है। सांसद पद लोकसभा क्षेत्र की जनता का भरोसा होता है, जिसे उन्होंने एन्जॉय कहकर खो दिए हैं। लोकसभा प्रत्याशी श्री साहू ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार जनता उन्हें एन्जॉय करने के लिए सभी पदों और जिम्मेदारी जो वे जानते ही नहीं है कि क्या होती है से मुक्त कर देगी। भाजपा प्रत्याशी बंटी विवेक साहू ने कहा कि नकुलनाथ आदिवासियों का अपमान करते हैं और मंच पर कोरी हमदर्दी दिखाते फिरते हैं। पिछले दिनों आदिवासी अस्मिता और गौरव के प्रतीक हर्रई के राजा कमलेश शाह के प्रति नकुलनाथ की कुत्सित मानसिकता सामने आई है। आदिवासी समाज के चुने हुए जनप्रतिनिधि अमरवाड़ा विधायक राजा कमलेश के बहाने सांसद नकुलनाथ ने आदिवासी समाज के प्रति अपनी घृणा जाहिर की है। निर्वाचित आदिवासी जनप्रतिनिधि को बिकाऊ और गद्दार कहना आदिवासी समाज का घोर अपमान है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के पुत्र सांसद नकुलनाथ विरासत में मिली लोकसभा सीट और पैसों के घमंड में चूर है। किसी आदिवासी निर्वाचित जनप्रतिनिधि के प्रति नकुलनाथ की घृणा सम्पूर्ण आदिवासी समाज का अपमान है, जो क्षमा योग्य नहीं है।

### सेवा संकल्प चला रहा मतदाता जागरूकता अभियान

# मतदाताओं को दिलाई मतदाता जागरूकता की शपथ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर माननीय शीलेंद्र सिंह जिला पंचायत सीईओ पार्थ जैसवाल के निर्देशानुसार एवं जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन विकासखंड समन्वयक वंदना राकेसिया के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था सेवा संकल्प वेलफेयर सोसायटी द्वारा विकासखंड अमरवाड़ा के सेक्टर क्रमांक 5 के ग्राम सहकारी ,चंदनगांव और ग्राम सकरवाड़ा में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों को युवाओं को निडर निष्पक्ष होकर मतदान करने की शपथ दिलवाई गई। साथ ही समस्त प्रस्फुटन समितियों के साथ मिलकर सेक्टर 05 के प्रत्येक ग्राम में जागरूकता का कार्य लगातार किया जा रहा । परामर्शदाता एवम नवांकुर संस्था प्रतिनिधि के द्वारा गांव में पहुंचकर जो पहली बार अपने मत का दान करेंगे ऐसे मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है संस्था अध्यक्ष समाजसेवी चंद्रकांत विश्वकर्मा ने कहा कि हमें लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए शत प्रतिशत यानी अधिक से अधिक मतदान कराना है चुनाव का पर्व देश का गर्व इस स्लोगन पर हमें काम करना है और निष्पक्ष होकर मतदान करने की शपथ लेना है ।अभियान में जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था सेवा संकल्प वेलफेयर सोसाइटी के सेक्टर प्रभारी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य परामर्शदाता एमएसडब्ल्यू बीएसडब्लयू के छात्र मौजूद रहे।

### कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए हिरदागढ़ के उपसरपंच सहित अन्य

**जुन्नारदेव।** आज ग्राम पंचायत हिरदागढ में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री कि कल्याणकारी योजनाओं को देखते हुए बड़ी संख्या में कांग्रेस छोड़ भाजपा में घर वापसी कराया गया है जिसमें ग्राम पंचायत हिरदागढ के उपसरपंच संतोष



पटेल जी,वार्ड पंच श्रीमती रविना धुर्वे जी, वार्ड पंच श्रीमती सुनीता चमन यदुवंशी,वार्ड पंच श्री शिवशंकर ईवनाती जी, वार्ड पंच श्रीमती सरिता कमलेश आरसे जी,अनिल कांगली जी एवं बड़ी संख्या में फिर से भाजपा ज्वाइन कराया गया जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित रहे भाजपा के पूर्व विधायक श्री नत्थनशाह कवरेती जी,जिला किसान मोर्चा महामंत्री सीपतराम यदुवंशी,अरविंद यदुवंशी, युवा मोर्चा महामंत्री संतोष यदुवंशी,बाशी राम यदुवंशी उपस्थित रहे भाजपा के पूर्व विधायक श्री नत्थनशाह कवरेती जी द्वारा भाजपा परिवार में सभी सदस्यों को गमछा पहनाकर स्वागत किया गया

## नाथ परिवार ने कोरोना संक्रमण में बचाई हजारों लोगों की जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

19 अप्रैल को संपन्न होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस प्रत्याशी नकुलनाथ को विजय श्री दिलाने के उद्देश्य के साथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के द्वारा गांव-गांव में बैठक के लेकर कांग्रेस के द्वारा किए गए विकास कार्यों की जानकारी मतदाताओं को दी जा रही है।कांग्रेस नेता सोपान कोहले के द्वारा मंगलवार कोसौसर ब्लाक के ग्राम जोबनडेरा, सरकीखापा डुकरझेला, गाजनडोह मे ग्रामीणों से मुलाकात की। श्री कोहले के द्वारा ग्रामीणजनों से भेट नुक्कड़ सभा युवाओं की बैठक के करते हुए लोकसभा प्रत्याशी नकुलनाथ को विजय बनाने की मुहिम चलाई जा रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में हुई बैठकों में सोपान कोहले ने कहा कि विकास और रोजगार के अलावा कोरोना संक्रमण के दौरान जब भाजपा नेता अपने घरों में ऐसी कमरे में बैठे हुए थे उसे समय नाथ परिवार ने सामने आकर जिले की जनता की रात दिन सेवा और मदद की है।कोरोना संक्रमण में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ लोकसभा प्रत्याशी नकुलनाथ,के द्वारा हजारों लोगों को बेड इंजेक्शन दवाइयां एंबुलेंस रेमेडीशिविर, ऑपरेशन आदि के माध्यम से जिले के अलावा प्रदेश के हजारों लोगों को नया जीवन दान मिला।

# सौंसर से जामसांवली तक मतदाता जागरूकता निकली बाइक रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

ज़िला निर्वाचन अधिकारी जिला स्वीप प्लान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान शिक्षा विभाग द्वारा बाइक रैली निकालकर मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। मिली जानकारी के अनुसार सौसर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्रारंभ हुई मतदाता जागरूकता रैली ने नगर भ्रमन कर चमत्कारी हनुमान मंदिर जाम सावली मैं रैली का समापन किया गया। बाइक रैली का शुभारंभ स्वीप प्लान नोडल अधिकारी ब्लाक सौसर चैनसा यादव ने किया। रैली में एम आर सी देवेंद्र इतुले, संजय कटरे के द्वारा शिक्षक के साथ मतदान करने की अपील शिक्षको द्वारा दी गई।मतदाता जागरूकता रैली के दौरान शिक्षकों के द्वारा ग्रामीणों को आगामी 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मतदान करने की अपील की। इस दौरान शिक्षक अमोल बोबडे, राहुल गोड़बोले, पंकज कांबले, अभिनय घोरमारे, अशोक वडस्कर, जागेश्वर ठाकरे, विजय मोहोड़ आदि उपस्थित थें।

## किशोर किनकर का सेवानिवृत्ति पर हुआ बिदाई कार्यक्रम



**सौंसर।** शास.उच्च. माध्य. विद्यालय बेरड़ी में किशोर किनकर का सेवानिवृत्ति अवसर पर बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य व्ही.डी. मर्सकोले ने की,विदाई समारोह में प्रमुखता से विकासखंड शिक्षा अधिकारी मदनलाल गोरले,मनोहर सवाई,सुनील काकडे, राजेंद्र करमरकर, निरंजन बुझाडे,श्रीमती रंजना भूमर आदि थे। विदाई समारोह के दौरान शाला परिवार की ओर से सेवानिवृत हुए किशोर किंनकर का पुष्पमाला एवं स्मृति चिन्ह उपहार देकर स्वागत सत्कार किया गया। आयोजन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सेवानिवृत हुए श्री किनकर शाला में अध्यापन कार्य के साथ ही अतिरिक्त सामाजिक कुप्रथा को समाप्त करने के लिए भी कार्य किया है। लंबे समय से शिक्षा क्षेत्र में रहकर अनेक जटिल कार्यों को भी आसानी से करने की कला इनमें है।इस दौरान अर्चना दुपारे, वैशाली डोंगरे, अंजुलता शिवने, विजया कहाते,शैलजा शर्मा,नीलिमा धोटे,अढाउ, संगीता रोडगे, प्रदीप गायकवाड, कुंदन दुपारे,चिंतामन शेंडे, संजय विश्वकर्मा, निशांत नेरकर आदि थे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई के बैनर तले रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

### एसडीएम और तहसीलदार रक्तदान शिविर के दौरान रहे उपस्थित छात्र-छात्राओं को किया मोटिवेट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में बुधवार 3 अप्रैल को जिला कलेक्टर शैलेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कामिनी ठाकुर के निर्देशन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई की अधिकारी डॉक्टर रश्मि नागवंशी के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। शिविर शुभारंभ अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कामिनी ठाकुर ने विद्यार्थियों को रक्तदान के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि आपका रक्त दूसरों को जीवन दान दे सकता है इसलिए रक्तदान महादान कहलाता है और प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में रक्त का दान अवश्य करना चाहिए तहसीलदार प्रीति पटेल द्वारा अधिक से अधिक रक्तदान में भागीदारी के लिए युवाओं की भागीदारी को सराहनी बताया गया महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ पी अजवानी द्वारा शिविर के माध्यम से रक्त की बहुमूल्य उपलब्धि के लिए विद्यार्थियों और स्टाफ को धन्यवाद दिया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर एके टांडेकर, डॉ संगीता वाशिंगटन, प्रो आरडी वाडिवा, डॉ एसके शेण्डे, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट मोहम्मद आबिद, खेल अधिकारी नीरज पाल सहित महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। प्रथम बार विद्यार्थियों ने किया रक्तदान बताएं अपने अनुभव - शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में 8 यूनिट रक्तदान किया गया जिसमें तीन यूनिट महाविद्यालय स्टाफ से एनएसएस अधिकारी डॉ रश्मि नागवंशी, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ सागर भनोत्रा एवं कंप्यूटर शिक्षक लक्ष्मी प्रसाद नागवंशी द्वारा रक्तदान किया गया। इसके अतिरिक्त पांच यूनिट रक्तदान छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। प्रथम बार रक्तदान करने वाले हिमांशु डेहरिया ने बताया कि रक्तदान कर बहुत अच्छा लग रहा है हमारा रक्त दूसरों के शरीर में प्रवेश कर उनके जीवन की रक्षा करेगा इसकी प्रेरणा हमें खेल अधिकारी नीरज पाल से मिली है। प्रथम बार रक्तदान करने वाली छात्रा रोशनी विश्वकर्मा पिता अनिल विश्वकर्मा ने बताया कि रक्तदान को महादान कहा जाता है और रक्त

### आधा दर्जन ग्रामों में ली बैठकें, कांग्रेस के पक्ष में वोट करने की अपील

## कांग्रेस प्रत्याशी सम्राट के प्रचार कर रही पूर्व विधायक हिना

हरिभूमि न्यूज लांजी।



बालाघाट-सिवनी संसदीय सीट के कांग्रेस उम्मीदवार सम्राट अशोक सरस्वार के पक्ष में अब कांग्रेसी कार्यकर्ता भी सक्रिय नजर आने लगे है। वहीं मतदाताओं से तेज व अचूक जनसंपर्क स्थापित करने के लिए कांग्रेसियों ने सोशल मीडिया का सहारा लेना शुरू कर दिया है। दो-तीन दिन में मतदाताओं से सोशल संपर्क स्थापित करने का अभियान और तेज होगा। सोशल मीडिया में वॉट्सऐप, इंस्टाग्राम, ट्विटर, फेसबुक, यूट्यूब जैसे प्लैटफॉर्म शामिल हैं। वहीं क्षेत्रिय नेता भी अपने पार्टी प्रत्याशी को चुनावी रण में विजय दिलाने के लिये भरसक प्रयास कर रहे है। इसी कड़ी में लांजी-किरनापुर क्षेत्र की पूर्व विधायक एवं पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष सुश्री हिना कावरे ने गुरूवार 4 अप्रैल को लांजी क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन से अधिक वनांचल ग्रामों नर्रेझरी, हररादेही, देवरबेली, बेलगाम, लोडामा में लोकसभा प्रत्याशी सम्राट अशोक सिंह सरस्वार के पक्ष में ग्रामीणों की बैठक ली और उनसे कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान सुश्री हिना कावरे के साथ पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेंद्र खोंगल, मुकेश जोशी, भरत कालबेले , अजय अवसरे, ओमकार बाबा राहंगडाले, टुमन घोरमारे, अमन श्रीवास्तव, शिवम नखाते एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## साइकिल रैली निकालकर किया मतदाताओं को जागरूक

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश पर कटंगी में गुरुवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मधुवंत राव धुर्वे के नेतृत्व में तमाम विभागों के अधिकारी, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, नगर परिषद, जनपद पंचायत के कर्मचारियों और स्कूली विद्यार्थियों ने साइकिल रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया. नगर के सीएम राईज स्कूल से रैली की शुरुआत हुई. जिसने पूरे नगर का भ्रमण कर यथास्थान पर विराम लिया. दूसरी तरफ मध्य प्रदेश आजीविका मिशन की महिलाओं ने नगर में पैदल मार्च किया. साइकिल रैली में 100 से अधिक स्कूली विद्यार्थियों के अलावा मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीपक करपे, सहायक संचालक सी.एस.कुसराम, बीआरसी रविन्द्र हरिनखेड़े, प्राचार्य यतीन्द्र अग्रवाल शामिल रहे।

एसडीएम मधुवंत राव धुर्वे ने बताया कि 18 वर्ष की आयु के नए मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए यह जागरूकता रैली निकाली जा रही है. इसके अलावा गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है ताकि लोकतंत्र के इस पर्व में सभी की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके. उन्होंने सभी मतदाताओं से बिना किसी लोभ, लालच और डर के मतदान करने की अपील की है. बता दें कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को बालाघाट जिले में मतदान किया जाना है. मतदाता जागरूकता को लेकर मध्य प्रदेश आजीविका मिशन की महिलाओं ने मानव श्रृंखला का आयोजन कर शत प्रतिशत मतदान का संदेश जन-जन तक पहुंचाया. चुनाव का पर्व देश का गर्व शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य में सहभागिता का संकल्प स्वतंत्र, निष्पक्ष, नैतिक मतदान का संकल्प मतदान में सहभागिता के माध्यम से राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निभाने का संकल्प लिया गया।

## 57 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त, आरोपी को भेजा गया जेल



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र में पुलिस की सरगर्मी लगातार बढ़ गई हैं। जिसके कारण अवैध धंधा करने वालों पर लगातार कार्यवाही हो रही हैं। इसी कड़ी में रामपायली पुलिस थाना प्रभारी चंद्रजीत यादव के नेतृत्व में 04 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर कन्हार टोला ग्राम बिटोडी निवासी आरोपी रवि उर्फ रविन्द्र पिता मदनलाल कातरे जाति लोधी उम्र 32 साल के कब्जे से 57 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब को बिक्री करने के उद्देश्य से लेकर जाने पर आरोपी के कब्जे से 57 लीटर शराब कीमत 5700 रुपये की जप्त की गई।

आरोपी रवि के खिलाफ थाना रामपायली में अपराध क्रमांक 146/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट अधिनियम पंजीबद्ध किया गया है और गिरफ्तार शुदा आरोपी को न्यायालय वारासिवनी में पेश कर जेल भेज दिया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रामपायली चन्द्रजीत यादव, सहायक उपनिरीक्षक राजीव जाचक, राकेश लोधी,अशोक रजक, लीला कुलस्ते का सराहनीय योगदान रहा है ।

## कार्यालय में बैठकर उपवन मंडल अधिकारी ने लगा दी निरीक्षण की रिपोर्ट

### पूर्व विधायक किशोर समरीते ने वन महानिदेशक से की शिकायत



हरिभूमि न्यूज लांजी।

संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लांजी क्षेत्र के पूर्व विधायक किशोर समरीते देने दक्षिण वनमंडल उत्पादन में हुए 70 लाख रुपए का फर्जी अहरण करने एवं फर्जी वाउचर बनाए जाने की शिकायत वन महानिदेशक से करते हुए बताया कि दक्षिण वन मंडल उत्पादन बीजागढ़ वन परिक्षेत्र सुलसुली वन परिक्षेत्र एवं कंसुली वन परिक्षेत्र में निकासी मार्गों के निर्माण और मरम्मत के नाम पर तथा बांसो की कटाई के दरमियान पहाड़ों के नीचे लाने ड्रेगिंग के नाम पर लगभग 70 लाख रुपए का फर्जी आहरण किया गया तथा सुरक्षा श्रमिकों मुंशी तथा मेटो के नाम पर फर्जी वाउचर बनाया गया जो की गंभीर जांच का विषय है। पूर्व विधायक किशोर समरीते ने यह भी बताया कि इन सभी मामलों में उपवन मंडल अधिकारी ने वाउचरों पर ऑफिस में बैठे-बैठे ही अपनी निरीक्षण रिपोर्ट लगा दी तथा पैसों का आहरण कर लिया गया इसमें से तीनों वन परीक्षेत्र में 10-10 लाखरुपए वन परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा वन मंडल अधिकारी को दिए गए जो भ्रष्टाचार का प्रमाणित मामला है। इस मामले में वन महानिदेशक (वन बल प्रमुख) को प्रेषित शिकायत में संयुक्त राष्ट्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा लांजी क्षेत्र के पूर्व विधायक किशोर समरीते ने जांच दल गठित करने की मांग की है।

### दस दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन : विधायक विवेक पटेल ने

## विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



जनपद पंचायत वारासिवनी की ग्राम पंचायत भांडी में बीते 26 मार्च से प्रारंभ लैदर बॉल क्रिकेट स्पद्र्धा का समापन गुरुवार 4 अप्रैल को स्थानीय विधायक विवेक विक्की पटेल के मुख्यातिथ्य में आयोजित किया गया। जहाँ स्पद्र्धा का फाइनल मैच ग्राम भांडी एवं भांडी टोला के बीच खेला गया। जिसमें एक तरफा मैच में भांडी ने 7 विकेट से जीत दर्ज कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। विदित हो कि 26 मार्च से आयोजित इस क्रिकेट स्पर्धा में जिले भर की 16 टीमें शामिल हुई थी।

स्पद्र्धा का फाइनल मैच मेजबान भांडी और भांडी टोला के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर भांडी टोला ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। जिसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी भांडी टोला की टीम ने निर्धारित 8 ओवर में 7 विकेट खोकर 73 रन बनाया। रनों का पीछा करने उतरी भांडी की टीम के बल्लेबाजों ने धमाकेदार शुरुआत की और तीन विकेट खोकर 7 ओवर में ही 74 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली। विजेता भांडी की टीम को ट्राफी और 21121 रूपये और उपविजेता भांडी टोला की टीम को 11111 रूपये व ट्राफी से विधायक विवेक पटेल द्वारा सम्मानित किया गया।

खिलाडिय़ों से चर्चा करते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि मैच वहीं जीतता हैं जो आखिरी गेंद तक मैदान पर डटे रहता हैं। जब तक आखिरी गेंद नहीं फेंकी जाती, हार जीत नहीं होती हैं। क्रिकेट मैच खेलने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता हैं, वैसे ही राजनीति में होता हैं, कभी-कभी हारने वाला भी जीत जाता हैं, और जीतने वाला भी हार जाता हैं।

इस मौके पर मुख्य रूप से जनपद सदस्य जितेन्द्र सिंह जीतू राजपूत, सरपंच लालचंद उइके, लेखीराम आमाडारे, फूलचंद पटले, शुभम रामटेके, जितेंद्र राठौर, अनिल वाघाड़े, शुभम सोनवाने, भूमेश बिसेन, कुलदीप वरकड़े, जयराम मेश्राम, दीपक उके, साहिल गाड़े, अंकित नेवारे, निर्मल चौरे, योगी आमाडारे, अमित नेवारे सहित ग्रामीणजन व खेलप्रेमी मौजूद रहें।

### पानी के साथ घरों तक नलों के जरिए पहुंच रहे कीड़े

## जराहमोहगांव में पानी के लिए मचा हाहाकार!

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

गर्मी में एक ओर जहां लोग पीने के पानी की समस्या से जूझ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और ठेकेदार मिलकर लोगों की सेहत से खिलवाड़ कर रहा है. नलों में न सिर्फ दूषित पानी की सप्लाई हो रही है, बल्कि पानी में कीड़े निकल रहे हैं. घोर लापरवाही का यह पूरा मामला जनपद क्षेत्र कटंगी की ग्राम पंचायत जराहमोहगांव का है. यहां पर बीते दो सालों से जल जीवन मिशन के तहत बनने वाली योजना का कार्य अपूर्ण है. हालांकि अभी टेस्टिंग जारी है और कई बार मोटर खराब हो चुकी है. जिस कारण टेस्टिंग पूरी नहीं हो पाई है. वहीं दूसरी तरह पुरानी पेयजल योजना के पाईप लाइन का विस्तार नाली के भीतर से कर दिया गया है. 15 दिन पहले यह पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है. जिस कारण पीने के पानी के साथ नल में कीड़े आ रहे है. करीब



5200 की आबादी वाली ग्राम पंचायत जराहमोहगांव में ग्रामीणों को पीने का पानी मुहैया करवाने के लिए करीब 30 से अधिक हैड़पंप और दर्जन भर कुएं है. मगर, कुछ ही हैड़पंप से मीठा पानी मिलता है और कुंओं का जलस्तर कमजोर हो गया है. जलस्तर नीचे जाने की वजह से कुछ हैड़पंप पानी की जगह हवा उगल रहे है. जिस वजह से ग्रामीणों को पीने का पानी जुटाने में काफी मशक्कत करना पड़ता है. ग्रामीणों की मानें तो अभी करीब 03 से 04 किमी. दूर खेतों से पीने का पानी लाना पड़ रहा है।

ग्राम पंचायत जराहमोहगांव में पानी सप्लाई करने के लिए दो स्थानों पर पानी की टंकी बनाई हुई है. एक पानी टंकी दुर्गा चौक में बनी है जहां पर अंसेरा घाट से पानी लाया जाता है और पानी टंकी का अभी हाल में आखर वार्ड क्रमांक 20 में निर्माण किया गया है. जहां पर खड़कपुर घाट से पानी लाया जाता है. इसमें आखर में स्थित पंप की मोटर खराब हो गई है. जिस कारण ग्रामीणों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है तो वहीं दुर्गा चौक से निकली पाईप लाइन किसी नाली के नजदीक क्षतिग्रस्त हो गई है. जिस कारण पानी के साथ कीड़े आ रहे है. ग्रामीणों के मुताबिक गांव में पुरानी पानी टंकी की क्षमता 45 हजार लीटर की है. जिससे गांव के भीतर 300 से अधिक नल कनेक्शन किए गए है. वहीं जल जीवन मिशन के तहत 5 हजार लीटर की पानी टंकी बनाई गई है लेकिन इसका फायदा ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है. ग्रामीण बताते है कि पानी टंकी के कनेक्शन को घरेलु बिजली के साथ जोड़ा गया है।

# चोर ले गए बाइक से चना की बोरी,घटना सीसीटीव्ही कैमरे में कैद

**जिले में चोरी का ग्राफ थमने का नाम नहीं ले रहा है। हालांकि चोरी की घटनाओं के मामले में थाने में पुलिस भी सीधी एफआईआर दर्ज न कर सादे कागज में आवेदन ले लेती है और पीड़ित को थाने से विदा कर देती है जिसके चलते चोरी की संख्या में कितना इजाफा हो रहा है उसका वास्तविक रिकॉर्ड भी दर्ज नहीं हो पा रहा है। बढ़ती चोरी से आमजन सबसे ज्यादा भयभीत, चिंतित, असुरक्षित नजर आ रहा है।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जनपद पंचायत सिवनी अंतर्गत सिवनी से छिंदवाड़ा रोड स्थित लगभग 12 किलोमीटर दूर थाना लखनवाड़ा के ग्राम पंचायत कातलबोडी में 2 अप्रैल की मध्य रात्रि लगभग 1 बजे एक बाइक से दो चोर चोरी की नीयत से कातलबोडी निवासी संतराम सनोडिया पिता केशराम सनोडिया मिडवे ट्रीट के सामने मुख्य रोड से लगे निवासरत घर पर पहुंचते हैं। एक बाइक में दो चोर पहुंचे और उन्होंने घर आंगन में रखी चने की 22 बोरियों में से एक बार में दो-दो बोरी करके वे हर 10 मिनट में यहां पहुंचे और कुल 6 बोरी चना लगभग साढ़े 3 किवंटल चना चोरी कर ले गए।

### घर पर थे सभी लोग

कातलबोडी निवासी संतराम सनोडिया ने बताया कि जिस समय चोरी हुई उस समय घर पर सभी लोग मौजूद थे। घर के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है। वहीं गर्मी के चलते घर के अंदर कूलर पंखा चालू होने के कारण बाहर की आवाज भी कम ही आ पाती है। इसी का फायदा उठाते हुए एक बाइक से दो युवा चोर चने की बोरी चुराने पहुंचे और उन्होंने चोरी की।

### लखनवाड़ा थाने में शिकायत दर्ज

चोरी की घटना और सीसीटीवी फुटेज लखनवाड़ा थाने में पुलिस को दिखा दी गई है। हालांकि पुलिस ने सादे कागज में चोरी की घटना की शिकायत दर्ज कर ली है। पुलिस चोरी का माल व चोर को शीघ्र पकड़ने का आश्वासन पीड़ितजनों को दिया है।

शराब पीने के दौरान दोस्तों के बीच झगड़े की वारदात

# बस स्टैंड में मिला युवक का शव, पुलिस जुटी जांच में

**जिले के बंडोल थाना अंतर्गत बखारी बस स्टैंड मैदान में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, मृतक के सिर में धारदार वस्तु से हमला करने के निशान पाए हैं।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

बंडोल पुलिस ने पंचनामा पोस्टमार्टम कार्रवाई के बाद अज्ञात आरोपितों पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर मामले में छानबीन शुरू कर दी है। बंडोल थाना प्रभारी राजेश दुबे ने बताया कि पहचान विक्की उर्फ विकास पुत्र मुन्नालाल हंस (35) बखारी गांव निवासी के रूप में हुई है।
स्थानीय लोगों के अनुसार रात बखारी बस स्टैंड क्षेत्र में मृतक विक्की उर्फ विकास अपने चार-पांच दोस्तों के साथ बैठकर शराब पी रहा था। इसी दरम्यान शराब के नशे में किसी बात को लेकर दोस्तों के बीच झगड़ा शुरू हो गया। रात करीब एक बजे विक्की उर्फ विकास के साथ शराब पी रहे अन्य दोस्तों ने विक्की पर किसी धारदार वस्तु से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए। सुबह स्थानीय लोगों ने बस स्टैंड मैदान में विक्की का शव देखकर बंडोल पुलिस को घटना की सूचना दी।
किस हथियार से विक्की पर हमला किया गया और किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। हत्या में शामिल अज्ञात आरोपितों का पता लगाने बंडोल पुलिस छानबीन कर रही है। प्रकरण में जांच कर रहे बंडोल थाने में पदस्थ एएसआई नागवंशी ने बताया कि विक्की गांव में स्वीपर के तौर पर मजदूरी का कार्य करता था।

# खेलते खेलते पानी में गिरी डेढ़ साल की बच्ची, 100 डायल स्टाफ ने बचाई जान

**पानी के टांके में डूबने से बेहोश हुई बच्ची की जान 100 डायल के स्टाफ की तत्परता और मानवता से बच गई। दरअसल डायल 100 अपने इवेंट में जा रही थी।इसी दौरान रास्ते में चदेंनी गांव के पास एक व्यक्ति बाइक में डेढ़ साल की बच्ची को गोद में लिए परेशान हालत में दिखा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

इस पर डायल हंड्रेड में मौजूद स्टाफ सैनिक श्याम सिंह और पायलट सनी ठाकुर ने तत्काल उसे बच्ची के साथ छपारा अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया। समय पर उपचार मिलने से बच्ची की जान बच गई।
छ्पारा थाना अंतर्गत जोगीवाडा गांव के रहने वाले अमीरचंद परते की डेढ़ साल बेटी मधु खेलते खेलते पानी के टांके में गिर गई।टांके में भरे पानी में डूबने से वह बेहोश हो गई।आनन-फानन में पिता बच्ची को उसकी मां की गोद में बैठाकर बाइक से छपारा अस्पताल ले जा रहा



था। चदेंनी गांव के पास रुकर कर पिता बेहोश बच्ची के मुंह में फूंक मार रहा था।
इवेंट में जा रहे 100 डायल में मौजूद सैनिक श्याम सिंह ने यह दृश्य देख कर गाड़ी रोक कर पिता से बात की और स्थिति जानी।पिता ने कहा उसकी बच्ची को तत्काल अस्पताल छोड़ दो।तब चदेंनी गांव से 100 डायल में अपना इवेंट छोड़कर घायल बच्ची को उसके पिता और मां के साथ अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया।यहां उसे तत्काल प्राथमिक उपचार मिल गया।प्राथमिक उपचार के बाद सिवनी जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।यहां डेढ़ साल की मासूम बच्ची का उपचार चल रहा है और उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### ज्ञान तप कल्याडक महोत्सव मनाया गया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अतिशय क्षेत्र लखनादौन में बड़े मंदिर में विराजमान जैन धर्म के चमत्कारी अतिशयकारी प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ जी का जन्म तप कल्याणक महोत्सव मनाया गया।
सुबह अभिषेक पूजन शांती धारा हुई , शांति धारा बहन अर्चना दीदी ने कराई ,इसके बादअहिंसा गेट में मिष्ठान फल जूस का बितरण किया ,कार्यक्रम में जैन पंचायत सभा के अध्यक्ष विनोद भारती,महामन्त्री जीतू जैन , बड़े मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अनुपम जैन ,उपाध्यक्ष राजेश जैन डाली ,सिंघई राजकुमार जैन संदीप जैन बंटी, प्रमोद भारती,धन्यकुमार,छोटे भैया, देवेंद्र जी पंचरत्न बिधानाचार्य, मोनू जैन ,अभिषेक ,आनंद जैन ,आगम ,कपिल,आदित्य, हर्ष ,के साथ सम्पूर्ण जैन समाज से महिला मंडल ,युबा मंडल,बालिका मंडल ,सभी ने भगबान आदिनाथ जी का महोत्सव मनाया गया

# छपारा पुलिस की कार्यवाही: 60 लीटर कच्ची शराब जप्तकर 350 किलो महुआ लहान किया गया नष्ट

पुलिस मुख्यालय द्वारा माफियाओं व आपराधिक तत्वों के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.डी. शर्मा तथा एसडीओपी लखनादौन अपूर्व भलावी के निर्देशन में छपारा पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मुखबिर से प्राप्त सूचना पर दिनांक 03/04/2024 को शराब रेड कार्यवाही के दौरान ग्राम रामगढ़ के नाला में दबिश देकर सफेद मटमैले रंग के 15 लीटर वाले 04 प्लास्टिक के डिब्बों में भरी हाथ भट्टी महुआ की बनी कच्ची शराब कुल 60 लीटर कीमती करीबन 12000 / (बारह हजार रूपये) एवं एक पुरानी एटलस कम्पनी की सायकल को घटना स्थल से जप्ती करने में सफलता प्राप्त की है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

आरोपी घटना स्थल पर उक्त शराब व सायकल को छोड़कर जँगल का फायदा उठाकर भाग गया, दौरान अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 146/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर अज्ञात आरोपी की तलाश पता साजी की जा रही है। वहीं अन्य मुखबिर सूचना के दौरान ग्राम ढारिया की ओर एक अवैध शराब बनाने के ठिकाने पर दबिश दी गई जो मौके पर एक 200 लीटर के नीले रंग के प्लास्टिक के ड्रम में महुआ लहान 15-15 लीटर के प्लास्टिक के 10 कुप्पों में भरा महुआ लहान इस प्रकार कुल 350 किलो महुआ लहान मिला तथा पत्थरों की बनी भट्टी मिली जो मौके पर उक्त महुआ लहान व भट्टी को नष्ट किया गया है।

### सराहनीय भूमिका

निरीक्षक थाना प्रभारी सौरभ पटेल, उपनिरी. नियाज खान, सउनि.बी.एस.प्रजापति, सउनि मुकेश उपाध्याय, प्र.आर. दसरू प्रसाद बघेल, म.प्र.आर. अनीता बघेल, म.आर. सुरेखा पहाडे।

### दो बाइकों की आपस में भिड़ंत,चार घायल

**सिवनी।** जिले के किंदरई में बुधवार रात 2 बाइकों की आपस में भिड़ंत हो गई। इस घटना में 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से 2 लोगों को मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार बुधवार रात को 2 बाइकों की किंदरई के पास आमने सामने से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार 4 लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को दी। इसके बाद घायल को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर लाया गया। जहां उनका उपचार किया जा रहा है। इनमें से 2 लोगो की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटनाक्रम की जांच कर रही है। घायलों के नाम संतलाल बरकड़े (45), सतीश पन्द्रे (22), जगदीश सिंगार (24) और धीरज बरकड़े (26) है।

# आज मनाई जायेगी माँ कर्मा देवी जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

साहू(तेली) समाज का गौरव संत शिरोमणि माँ कर्मा देवी की जयंती नगर कहानी में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। विदित हो कि संत शिरोमणि माँ कर्मा का जन्म साहू तेली परिवार में हुआ था जिन्होंने अपनी सच्ची भक्ति से भगवान जगन्नाथ स्वामी के दर्शन किए और अपने हाथों से भगवान को खिचड़ी का भोग लगाया और तभी से ₹जगन्नाथ का भात जगत पसारे हाथ₹ का उद्घोष होते आ रहा है। ऐसी परम भक्त माँ कर्मा की जयंती इस वर्ष 5 अप्रैल पापमोचनी एकादशी को मनाई जा रही है। साथ ही समाज के लोगों द्वारा जानकारी दी गई कि माँ कर्मा के जीवन पर आधारित फिल्म ₹मेरी माँ कर्मा₹ भी इसी दिन पूरे देश में रिलीज की जा रही है साथ ही मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव जी भी माँ कर्मा जयंती के अवसर पर समाज को संबोधित करेंगे। अतः नगर गोल्हानी(साहू)समाज कहानी के द्वारा इस पुनीत अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित हैं जिसमें शोभायात्रा,माँ कर्मा मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ ही साँस्कृतिक कार्यक्रम और भंडारा प्रसाद वितरण का आयोजन शिव चौक प्रांगण में रखा गया है। नगर गोल्हानी साहू समाज द्वारा नगर एवं क्षेत्र के समस्त स्वजातीय जनों को इस कार्यक्रम में आमंत्रित करते हुए उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

# कृषि पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए केरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

विगत दिवस सी एम राइज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मे कृषि संकाय मे अध्धयनरत छात्र छात्राओ को श्री सुर्य कांत नागरे वैज्ञानिक इंदिरा गांधी नेशनल ट्राइबल युनिवर्सिटी अमरकंटक ने विद्यालय मे आयोजित भविष्य को लेकर कृषि संकाय के छात्र छात्राओ को हायर सेकेंडरी के बाद क्या विकल्प होना चाहिए इस बिषय को लेकर कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस संदर्भ में उन्होंने विद्यालय मे कृषि के क्षेत्र में विभिन्न परीक्षाओं के माध्यम से इस संदर्भ में उन्होने बताया कि सीयुईटी , पीईटी एमपी परीक्षाओं को बच्चे कैसे दे सकते हैं



उनकी तैयारी के लिए कौन-कौन से नोट तैयार कर सकते हैं, किन कोचिंग संस्थानों में जा सकते हैं जिससे विद्यार्थी 12th के बाद कृषि महाविद्यालय प्रवेश ले सकते हैं, इसके अलावा डा नागरे ने बीएससी एग्रीकल्चर ,एम एस सी एग्रीकल्चर करने के बाद विद्यार्थी अपने आगे के भविष्य के लिए नौकरी पाने के लिए कौन-कौन सी परीक्षा दे सकते हैं। आगे बताया गया कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, बैंकिंग उद्यान विभाग ,कृषि विज्ञान केंद्र ,प्राइवेट सेक्टर ,आदि में जाने के लिए आपको क्या करना होगा कौन-कौन सी परीक्षाऐ देनी होगी। अपने मोटिवेशन कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि कृषि का मतलब खेती से नहीं होता है बच्चों को भ्रम भी है, इस कैरियर काउंसलिंग के माध्यम से सुनहरे भविष्य को संजोया जा सकता हे । समय समय पर बिषय आधारित कैरियर मार्गदर्शन से वारहवीं के बाद बच्चों मे कुछ अलग करने की सोच का उदय होता है । शासन स्तर पर ऐसे मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित करते रहना चाहिए ।

### विकासखंड स्तरीय मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन

केवलारी- जिला निर्वाचन कार्यालय सिवनी के आदेशानुसार दिनांक 4 अप्रैल 2024 को सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय प्रांगण में विकासखंड स्तरीय विशाल मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) के निर्देशन पर विकास खंड स्तर के समस्त विभागो के अधिकारीयो कर्मचारीयों सहित विद्यालयीन स्तर में अध्यनरत कक्षा नवमी से 12वीं तक के छात्राओं के द्वारा विशाल रैली का आयोजन किया गया। प्रातः विद्यालय प्रांगण में एकत्रित छात्र -छात्राओं अधिकारी कर्मचारीयों को मतदाता जागरूकता का महत्व बताते हुए प्राचार्य एल आर बछालिया के द्वारा शपथ दिलाई गई। विकासखंड शिक्षा अधिकारी बी डी वरकडे द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को नगर भ्रमण पर रवाना किया गया। स्कूल प्रांगण से मुख्य मार्ग, जैन मोहल्ला, बाजार चौक, बस स्टैंड, उगली नाका ,अवधिया पेट्रोल पंप से वापस विद्यालय में रैली का समापन हुआ।

### सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में मतदान दलों का द्वितीय रेण्डमाइजेशन सम्पन्न

**सिवनी।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए मतदान दल में नियुक्त अधिकारी/ कर्मचारियों की द्वितीय रेण्डमाइजेशन बालाघाटर संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री शुभकरण सिंह की उपस्थिति में किया गया।
रेण्डमाइजेशन प्रक्रिया जिले के चारों विधानसभा के आधार पर विधानसभावार सम्पन्न कराई गई। रेण्डमाइजेशन प्रक्रिया के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल, सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन पंवार व उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सी एल चिनाप सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मतदाता जागरूकता गतिविधि अंतर्गत निकाली सायकल रैली

**लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल एवं सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप प्रभारी श्री नवजीवन विजय के मार्गदर्शन में गुरूवार 04 अप्रैल को जिला मुख्यालय स्थित मिशन स्कूल ग्राउंड से सायकल वाहन रैली निकाली गई। रैली को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने हरी झंडी देकर रवाना किया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

यह रैली मिशन ग्राउंड से प्रारंभ होकर गणेश चौक, शुक्रवारी बाजार, नेहरू रोड से होती नगरपालिका चौक से बस स्टेण्ड तथा बसस्टेण्ड से पुनः मिशन स्कूल ग्राउंड पहुंची। रैली के समापन उपरांत मानव श्रृंखला के माध्यम से भी मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंघल ने उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत आगामी मतदान दिवस 19 अप्रैल को, प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इसी क्रम में जिला मुख्यालय के साथ-साथ सभी विकासखण्डों में भी सायकल एवं वाहन रैली निकाली गई, जो कि बसाहटों वाले विभिन्न क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता का संदेश देते हुए समाप्त हुई।

### बैद्यनाथ आयुर्वेद में कार्यरत श्रमिकों को दिलाई गई मतदान की शपथ

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल एवं सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप प्रभारी श्री नवजीवन विजय के मार्गदर्शन में संचालित मतदाता जागरूकता गतिविधियों के क्रम में गुरूवार 04 अप्रैल को जिला व्यापार उद्योग केंद्र सिवनी एवं श्रम विभाग द्वारा श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद प्राइवेट लिमिटेड कंपनी मे कार्यरत श्रमिकों एवं कार्यालय स्टाफ को प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मतदान करने की शपथ दिलाई गई।
इसी क्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षकों के मार्गदर्शन में स्थानीय मतदाताओं के घर-घर जाकर आगामी 19 अप्रैल 2024 को मतदान करने की अपील की जा रही है। वहीं नवमतदाताओं को जोडने के लिए खेल गतिविधियों, रंगोली, मेंहदी प्रतियोगिता, निबंध, वाद-विवाद जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन लगातार जारी है। साथ ही श्रमिकों को मतदान दिवस के लिए संवैतनिक अवकाश की सुविधा के बारे में अवगत कराते हुए सभी से अनिवार्य रूप से आगामी 19 अप्रैल को अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की गई।

### मतदाता जागरूकता गतिविधियां अंतर्गत आई टी आई छपारा में आयोजित की गई मेंहदी प्रतियोगित

आगामी लोकसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान के उद्देश्य से नगर के शासकीय आईटी आई कॉलेज छपारा में जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल की प्रेरणा व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत स्वीप प्लान के माध्यम से मतदाता जागरूकता विषय पर मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्वाचन आयोग द्वारा देश में विभिन्न चरणों में मतदान होना है। मंडला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जिले में 19 अप्रैल को मतदान किया जाना है। कॉलेज प्राचार्य नलिन तिवारी ने बताया कि मेंहदी सिर्फ रंग ही नहीं वरन संस्कृति का हिस्सा भी है। भारत में मेंहदी लगाने का प्रचलन सदियों से चला आ रहा है। धर्मग्रन्थों में वर्णित 16 श्रृंगार में मेंहदी भी शामिल है लेकिन यह सिर्फ श्रृंगार का साधन ही नहीं बल्कि खुशियों का प्रतीक भी है। धार्मिक महत्व के साथ मेंहदी लगाने के वैज्ञानिक कारण भी हैं।
आयुर्वेद में हरा रंग कई रोगों की रोकथाम में कारगर माना गया है। मेंहदी की ठण्डक और सुगन्ध स्ट्रेस को कम करती है। तीज त्योहारों के साथ ही लोकतंत्र के महापर्व पर कॉलेज में मेंहदी लगाई गई। स्वीप नोडल अधिकारी यश्विन ठाकुर ने बताया कि मतदाता जागरूक होने से भी हमारा लोकतंत्र सशक्त होगा। छात्रा वर्षा ने कहा कि शत-प्रतिशत मतदान के महत्व को जनमानस को समझना नितान्त आवश्यक है।

### मेहंदी के माध्यम से छात्राओं ने मतदान करने का किया आह्वान

लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए मतदाताओं को जागरूक कर अधिक से अधिक मतदान करने के लिए भिन्न-भिन्न तरीके अपनाए जा रहे हैं। इसी क्रम में शासकीय प्राथमिक शाला कटिया की छात्राओं द्वारा अपने हाथों में मेहंदी रचाकर ग्राम के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।
शाला के प्रधान पाठक श्री शकील कुरैशी के नेतृत्व एवं शिक्षिका श्रीमती रेखा परते के मार्गदर्शन में माध्यमिक विभाग की छात्राओं के बीच मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर मतदाताओं को मतदान के दिन मतदान केंद्र में आकर अधिकतम मतदान करने के लिए आह्वान किया गया।

# सेंट्रल स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

केंद्रीय विद्यालयों (सेंट्रल स्कूलों) की कक्षा एक में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 19 अप्रैल को दाखिले से जुड़ी पहली सूची जारी की जाएगी। रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख 15 अप्रैल को शाम 5 बजे तक है। कक्षा 2 व उसके आगे की क्लासेस में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन 10 अप्रैल तक ऑफलाइन मोड में किए जा सकते हैं।
कक्षा 11 में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन प्रोसेस 10वीं बोर्ड रिजल्ट घोषित होने के 10 दिन बाद शुरू होगी। स्टूडेंट्स और पेरेंट्स केंद्रीय विद्यालय संगठन की ऑफिशियल वेबसाइट kvsangathan.nic.in पर नोटिफिकेशन चेक कर सकते हैं।* कक्षा 1 से 3 तक की पहली सलेक्टेड और वेटिंग लिस्ट 19 अप्रैल को जारी की जाएगी। दूसरी लिस्ट 29 अप्रैल और तीसरी लिस्ट 8 मई को जारी होगी। इंदौर के सेंट्रल स्कूल नंबर एक और दो दोनों में भी प्रक्रिया जारी है।

### कक्षा - आयु सीमा

क्लास 1 - 31 मार्च तक 6 साल
क्लास 2 - 7 साल और 9 साल से कम
क्लास 3 - 7 साल और 9 साल से कम
क्लास 4 - 8 साल और 10 साल से कम
क्लास 5 - 9 साल और 11 साल से कम
क्लास 6 - 10 साल और 12 साल से कम
क्लास 7 - 11 साल और 13 साल से कम
क्लास 8 - 12 साल और 14 साल से कम
क्लास 9 - 13 साल और 15 साल से कम
क्लास 10 - 14 साल और 16 साल से कम
क्लास 11 - एज लिमिट तय नहीं है। 10वीं पास होना चाहिए।

# वर्ल्ड ऑटिज्म अवॉर्नेस-डे का आयोजन किया गया

**सिवनी।** कलेक्टर सिवनी श्री क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में मंगलवार 02 अप्रैल को वर्ल्ड ऑटिज्म अवॉर्नेस-डे जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र सिवनी में उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सिवनी श्री वीरेश सिंह बघेल की उपस्थिति में मनाया गया। इस अवसर पर श्री वीरेश सिंह बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि 18 दिसम्बर 2007 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सर्वसम्मति से 02 अप्रैल को विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांगजनों के अभिभावकों का स्वागत करते हुये मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत 19 अप्रैल (मतदान दिवस) के दिन अपने बहुमूल्य मत का सही उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में ऑटिज्म से ग्रसित बच्चों एवं अभिभावको को ऑटिज्म के लक्षण और कैसे पहचाने तथा इनकी रोकथाम हेतु परामर्श दिया गया। जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र सिवनी में पदस्थ साइकोलॉजिस्ट डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने अभिभावकों को ऑटिज्म के बच्चों की देख-रेख एवं उनकी दैनिक दिनचर्या पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इसी क्रम में ईयर मोल्ड टेक्नीशियन सोनम विनोदिया ने बताया कि ऑटिज्म बच्चों की स्पीच थेरेपी करने में ये बच्चे सामान्य बच्चों की तरह बोलने लगते हैं। अभिभावक श्रीमती रजनी बरमैया ने अपने अनुभव को साझा करते हुऐ बताया की जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र सिवनी के विषय-विशेषज्ञ के सलाह से मैंने अपने बच्चों की दिनचर्या में सुधार किया आज मेरे दोनों बच्चें स्वयं दैनिक कार्य करते है। इस अवसर पर ऑटिज्म से ग्रसित बच्चें एवं अभिभावक अदविक पिता रूपप्रताप प्रजापति, लक्ष्य माता रितु पाल, अब्दुल पिता अकिल खान, सृष्टि माता राजकुमारी बरमैया, लक्षिता माता वंदना अग्रवाल, विनित पिता शिवप्रसाद सोनवाने एवं अन्य दिव्यांगजन एवं अभिभावक उपस्थित रहे साथ ही जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र सिवनी के प्रशासनिक अधिकारी अशुदीप निकोशे, मोबिलिटी इंस्ट्रेक्टर कौशल प्रसाद सनोडिया, पीएडंओ टेक्नीशियन जयश्री फुलझेले, विशेष शिक्षक शारदा नागेश्वर, वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट रश्मि नाहटा, सहलेखापाल सुनील आवारी, मल्टीपर्पज रिहेव्लिटेशन वर्कर हरिओम चंद्रवंशी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लोकसभा प्रत्याशी सम्राट सरस्वार ने जिला अधिवक्ता संघ से की मुलाकात, मांगा आशीर्वद

# मूलक राम आनंद ने थामा कांग्रेस का हाथ, सम्राट सरस्वार ने दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

देश में 7 चरणों में होने जा रहे 18 वीं लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल को संपन्न होने वाले बालाघाट सिवनी संसदीय क्षेत्र का चुनाव जीतने के लिये कांग्रेस भी अब पूरी ताकत के साथ मैदान में है। कांग्रेस की नीतियों में विश्वास करने वालों का कारवां बढ़ता जा रहा है। जहां बीते दिवस सैकड़ों लोगो ने कांग्रेस का दामन थामा है। इसी के चलते 4 अप्रैल को मूलक राम आनंद ने बालाघाट सिवनी लोकसभा प्रत्याशी सम्राट सरस्वार की उपस्थिति में कांग्रेस का हाथ थाम लिया है। आपको बता दे की बालाघाट जिले से 2 बार लोकसभा और दो बार विधानसभा चुनाव निर्दलीय लड़ चुके हैं ऐसी शख्सियत ने आज कांग्रेस की रीति नीति से प्रभावित होकर कांग्रेस ज्वाइन किया । इस दौरान मूलक राम आनंद ने कहा कि कांग्रेस की नीतियों में विश्वास करने वालों का कारवां बढ़ता जा रहा है। और कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी तथा कांग्रेस द्वारा संविधान की रक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों से प्रेरित होकर मैने कांग्रेस का दामन थामा है।

### सरस्वार ने अधिवक्ता संघ से की मुलाकात, मांगा आर्शीवाद

4 अप्रैल को बालाघाट मुख्यालय में कांग्रेस प्रत्याशी सम्राट सरस्वार ने जिला अधिवक्ता संघ बालाघाट के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं से मुलाकात कर आर्शिवाद मांगा। इस दौरान अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष आनंद टेमरे, मीना धुर्वे उपाध्यक्ष, मधु बिसेन सचिव, संगीता नागेश्वर सह सचिव, आनंद मिश्रा सचिव, संजय अग्निहोत्री, अनूप बेस, संजय गौतम,महेंद्र बिसेन,अरुण शुक्ला ,संतोष शुक्ला, हरीश नगपुरे,मुकेश लिल्लारे, के के बिसेन सहित सभी अधिवक्ता गण उपस्थित रहे ।इस दौरान श्री सरस्वार ने कहा कि मै भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी जैसे कामों में लिप्त नही रहूंगा, अपने परिवार का नाम नही डूबाउंगा। अधिवक्ताओं की जो भी परेशानी होगी मै हमैशा उनके साथ हूं। उन्होने अधिवक्ताओं से उम्मीद करते हुए कहा कि मै आपका साथी,भाई, बेटा हूं। इस बार मुझे अपना आर्शिवाद दे, संसद तक पहुंचाये ताकि मै आपकी उम्मीदों पर खरा उतर सकूं।

### पूज्य सिंधी पंचायत समिति के पदाधिकारियों से की मुलाकात, मांगा अर्शिवाद

बालाघाट सिवनी लोकसभा प्रत्याशी सम्राट सरस्वार ने गुरूवार को पूज्य सिंधी पंचायत समिति के पदाधिकारियों एवं सिंधी परिवार के सामाजिक साथियों के साथ सौजन्य भेट की। जहां उन्होने नगरपालिका सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा कर भारतीय जनता पार्टी की भ्रष्टाचार की पोल खोली। इस दौरान पूज्य सिंधी पंचायत समिति पदाधिकारी अमर मंगलानी जी अध्यक्ष पूजा सिंधी पंचायत अशोक बजाज जी, अमर मंगलानी , संजय लालवानी, परसराम छुट्टानी, सुभाष छाबड़ा, श्याम पंजवानी, राजू बुधवानी, दिलीप कारड, मयूर मोटवानी, विनोद तेजवानी, सुनील छाबड़ा सहित अनेक साथी उपस्थित रहे। इस दौरान सम्राट सरस्वार ने बालाघाट नगरपालिका अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि भारती सुरजीसिंह ठाकुर भी खुद अपना निर्णय लेने में सक्षम नही है। आज व्यापारी इस देश को चला रहे है अगर हमारे द्वारा टैक्स नही



दिया गया तो ये देश नही चल सकता है। उन्होने सिंधी भाईयों आर्शिवाद मांगते हुए कहा कि इस देश को सिंधी समाज व्यापार के क्षेत्र में सबसे आगे है। सभी समाज के बंधुओ से सिंधी भाईयों से प्रेरणा लेना चाहिये। मै हमेशा सिंधी भाईयों के साथ ताकत से खड़ा हूं और आगे भी रहूंगा।

## झामुल ग्राम के पीड़ित वर्गों ने अजाक्स थाने में की शिकायत, दलित बच्चों के बाल तक नहीं काटते नाई

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

संविधान में समता का अधिकार, सभी लोगों को धर्म, मूल, वंश, जाति, लिंग या जन्मस्थान के आधार पर भेदभाव का अंत करता है, बावजूद इसके आज भी समाज में एक जाति वर्ग के साथ भेदभाव जैसी आज भी विद्यमान है। आधुनिकता के इस दौर में छुआछूत पर भेदभाव करने जैसी घटनाएं, अक्सर ग्रामीण क्षेत्रों से आती है। जहां आज भी सामाजिक, धार्मिक और आम कार्यों में एक जाति वर्ग से भेदभाव किया जाता है।



ऐसे ही भेदभाव का शिकार हो रहे बिरसा तहसील के झामुल ग्राम में निवासरत अनुसूचित जाति समुदाय के कई परिवार, जिन्होंने 4 अप्रैल को ग्राम में सामाजिक कार्यक्रमों में किए जा रहे भेदभाव से प्रताड़ति होकर अजाक्स थाने में उन लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत है, जिन्होंने ऐसा किया।

बताया जाता है कि गांव में एक ओबीसी परिवार में विवाह का कार्यक्रम था, जिसका आमंत्रण, छुआछूत की भावना को लेकर एक जाति विशेष के लोगों को नहीं दिया गया। यही नहीं बल्कि यह भी कहा गया है कि यदि वे आएंगे तो अन्य लोग शादी में नहीं आएंगे और जब यह पंचायत प्रतिनिधियों ने कही तो निश्चित ही इसके खिलाफ आवाज उठनी चाहिए। यही कारण कि अनुसूचित जाति के ग्राम निवासियों ने इसकी शिकायत अजाक्स थाने में की है।

सामाजिक कार्यकर्ता सुरेन्द्र मेश्राम की मानें तो गांव में अनुसूचित जाति के परिवारों के साथ भेदभाव किया जाता है, उन्होंने कहा कि यह पहले से हो रहा है लेकिन अब ज्यादा होने लगा है, जो हमारे लिए शर्मसार करनी बात है, हमारा मानना है कि जाति के आधार पर छुआछूत की भावना नहीं होनी चाहिए।

महिला हस्तकला मेश्राम ने बताया कि आज भी ग्राम के बुजुर्ग इसे मानते है। पहले सार्वजनिक जल स्त्रोत से पानी भरने के दौरान ऐसा होता था लेकिन अब घरों में नल लग गए है, लेकिन भेदभाव नहीं मिटा है। गांव में बच्चों के बाल तक नाई नहीं काटते हैं, जिससे बच्चों को दूसरे गांव जाकर बाल बनवाना पड़ता है।

### अज्ञात कार ने बाइक को मारी टक्कर वृद्ध महिला के दोनों पैर टूटे

कटंगी। कटंगी-वारासिवनी मुख्य सड़क मार्ग पर ग्राम लखनवाड़ा के नजदीक अज्ञात कार ने एक बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी. हादसे में बाइक सवार वृद्ध महिला के दोनों पैर टूट गए. सड़क हादसे के बाद अज्ञात कार चालक मौके से फरार हो गया. वहीं घायल महिला को संजीवनी 108 एंबुलेंस की मदद से सरकारी अस्पताल कटंगी पहुंचाया गया. चिकित्सक ने एंबुलेंस में ही घायल महिला का प्राथमिक उपचार किया और तत्काल जिला अस्पताल बालाघाट के लिए रेफर कर दिया. प्राप्त जानकारी अनुसार सड़क हादसे में करीब 80 वर्षीय वृद्ध महिला रूकमन बाई पटले निवासी भजियापार गंभीर रुप से घायल हुई है. जिसके दोनों पैर टूट गए और सिर पर भी गहरी चोट आई है।

## ग्रामवासियों को सरकारी योजना का लाभ दिलाने उपयंत्री भालेकर ने लिया रिश्वत?

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बिरसा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरटोला में पंचायत कर्मचारी के बिना संज्ञान के उपयंत्री भालेकर ने हितग्राहियों से भारी भरकम राशि वसूलने का मामला सामने आया है। केंद्र सरकार ने पशुपालक को बढ़ावा देने के लिए मनरेगा पशु सेट योजना को शुरू किया है और पंचायत द्वारा इसे क्रियान्वित कर रही है इस योजना से पशुपालन तकनीक से सुधार हो सके तथा योजना के तहत पशुपालकों को गौशाला बनाने और पशुओं को बेहतर रखरखाव करने के लिए आर्थिक सहायता मिल सके किंतु शासन के नुमाइश योजना को मिट्टी पलीत करने में कोई असर नहीं छोड़ रही है हितग्रहियों को योजना का लाभ दिलवाने के नाम पर भारी भरकम राशि वासुला जा रहा है और हितग्राहियों को लाभ भी नहीं दिया जा रहा है, वहीं यदि इन शासन के कर्मचारी के गलती के खिलाफ शिकायत किया जाता है तो आला अधिकारियों द्वारा कार्यवाही नहीं करने से इनके हौसले बुलंद हो रहे हैं ऐसा ही मामला जिले की जनपद बिरसा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पीपर टोला में सामने आया है जहां से करीब दर्जन भर से भी अधिक हितग्राहियों से पशु शेड निर्माण कार्य को तकनीक स्वीकृति राशि 1 लाख 20 हजार दिलाने के नाम पर एक उपयंत्री द्वारा आज हजारों रुपए लेकर भी उनका कार्य स्वीकृत नहीं किया गया है इसकी शिकायत जनपद पंचायत सदस्य द्वारा करने के बाद भी उपयंत्री के



खिलाफ कार्यवाही न होना विभाग के आला अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है शिकायत में बिरसा जनपद के सदस्य चैतराम तुरकर ने बताया कि ग्राम पंचायत पीपर टोला में उपयंत्री घनश्याम भालेकर द्वारा पीपर टोला के हितग्राही दनरेंद्र सोनी से रू10000 प्रताप ठाकरे से रू10000 तीज लाल गिरने से रू7000 विश्राम साहू से रू7000 झुमका साहू से रू7000 दुली चंद राहंगडाले से रू7000 सहित निर्माण कार्य की तकनीकी स्वीकृति दिलाने के नाम पर राशि दी गई है किंतु आज दिनांक तक उन्हें योजना का लाभ नहीं दिलाया जा सका है श्री तुरकर ने बताया कि इस संबंध में गत 25 जनवरी 2024को जनपद पंचायत बिरसा के सीईओ व अन्य अधिकारियों ने ग्राम पंचायत पिपर टोला में सरपंच उप सरपंच तथा ग्रामीणों के समक्ष मामले की जांच कर पंचनामा तैयार किया गया था किंतु आज दिनांक तक उपयंत्री घनश्याम भाडेकर के ऊपर कोई कार्यवाहीं न होना संदेह को जन्म देता है वही इस संबंध में जिला पंचायत के अधिकारियों का कहना है की कार्यवाही की जाएगी, अब यहां देखना होगा कि क्या अधिकारी इस मामले में आरोपी के खिलाफ शीघ्र कार्यवाही करेंगे या फिर यह भी कार्यवाही ठंडे बस्ते में चले जाएंगे यह तो बहुत ही जनता के लिए दुख की बात है अगर अधिकारी ऐसे करने लगे तो आम जनता किस पर विश्वास करेगी और किस पर नहीं अधिकारी जन सेवा के नाम पर अपनी परिवार सेवा और पेट सेवा कर रहे हैं और अन्य अधिकारी उस अधिकारी का सपोर्ट कर रहे हैं शासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए अगर ध्यान नहीं दिया गया तो एक तरफ सरकार लोगों का विकास की बात करता है दूसरी तरफ अपने कर्मचारियों द्वारा उनका शोषण भी कर रहा है यहां सरकार की लापरवाही समझी जायेगी , भ्रष्टाचार खत्म करने की बात करते हैं और एक और से भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं ऐसी कर्मचारी जो रिश्वतखोरी और कालाबाजारी करते हैं उन्हें तो कार्य मुक्त करना चाहिए ताकि कोई भी अधिकारी गरीब जनता का शोषण न कर सके मैं सरकार से गुजारिश करता हूं कि ऐसे कर्मचारी पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करें और जनता का हित करें जनता को सांत्वना ,सुख पहुंचाये। ग्राम वासियों द्वारा कहा जा रहा है कि जल्द से जल्द कार्यवाही किया जाये, अगर जिला कार्यपालन अधिकारी द्वारा आरोपित व्यक्ति पर उचित नहीं किया जा रहा है इससे सभी की मिली भगत समझा जा रहा है अगर अधिकारी द्वारा आरोपित व्यक्ति पर उचित कार्यवाही नहीं किया जाता है तो एक सप्ताह के बाद उग्र आंदोलन किया जाएगा। पंचायत से राज्य सरकार के दरवाजे तक आंदोलन किया जाएगा।यह ग्रामीण द्वारा चेतावानी दिया गया है।

## फांसी पर लटका मिला युवक का शव : पत्नी और बच्चे थे मायके में, जांच में जुटी पुलिस

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिले में बढ़ रहे आत्महत्या के मामलों में 4 अप्रैल को नगरीय क्षेत्र के बूढ़ी वार्ड क्रमांक 1 के गणेश नगर में युवक के फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की एक घटना और जुड़ गई।



प्राप्त जानकारी अनुसार गणेश नगर निवासी 38 वर्षीय युवक दिनेश पिता भोलाराम डहरवाल ने उस वक्त घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जब पत्नी, बच्चो को लेकर मायके गई थी। दिनेश घर में अकेला था इसी दौरान उसने नायलोन की रस्सी से फांसी लगा ली। फांसी पर लटका शव कोतवाली पुलिस ने बरामद किया।

बताया जाता है कि दिनेश मिस्त्री का काम करता था और घर में छोटी सी किराना दुकान है। जो विगत तीन-चार माह से काम पर ना जाकर घर पर ही था।

गुरुवार को दिनेश की पत्नी पत्नी अपने दोनों बच्चों के साथ कनकी अपने मायके और मां उमरिया शादी में गई थी और दिनेश घर में अकेला था। दिनेश को मोहल्ले में सुबह घूमते हुए लोगों ने देखा। दोपहर करीब 4 बजे जब कोई व्यक्ति मृतक के घर शादी का कार्ड देने आया तो देखा कि दिनेश घर में ही रैलिंग में फांसी के फंदे पर लटका है।

इसकी जानकारी उसने आसपास के लोगों को दी। जानकारी मिलने के बाद पड़ोस में रहने वाले रिश्तेदारों ने मामले की सूचना डायल 100, पुलिस और परिजनों को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव बरामद कर पंचनामा कार्यवाही के बाद शव का पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

## श्रीमद् भागवत महापुराण साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ गंगा का समापन आज

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बिरसा के वार्ड नंबर 21 में भागवत महापुराण चल रहा है जिसकी शुरुआत 28 मार्च दिन गुरुवार से हो गया है जो 05.04.2024 दिन शुक्रवार तक चलेगा, आप सभी धर्म प्रेमीयो से अनुरोध है कि अपने सहपरिवार, रिश्तेदार सहित पाधारकर अमृतमयी, मोक्षदायिनी गंगा में गोता लगाकर अपनें जीवन को ध्यान बनाये। नगर वासियों का जीवन धन्य हो ही रहा है,माता - बहनों, भाई बड़े बुजुर्ग सभी इसका पुन्य अर्जित कर रहे हैं आप भी करें।बिरसा निवासी श्रीमान झनक लाल राहंगडाले जी के द्वारा उनके निवास स्थान पर यह गंगा बह रही है।कथा का रसपान परम् आदरणीय,सब ग्रंथों के जानकार श्री श्री जितेन्द्र शिव प्रज्ञानंद जी महाराज के मुखारविंद से कराया जा रहा है । सुंदर सुंदर झांकियों के साथ गीत संगीत नृत्य के मनमोहक दृश्य लोगों को मनमुग्ध कर रहे हैं।इस अद्भुत दृश्य का आनंद लेने को ना चुकें, साथ ही दोस्त मित्र परिवार, रिश्तेदार को भी ना चुकने दें। कथा वाचक के साथ संगीत में साथ दे रहे हैं साहेब रजक (तबला वादक) राजेश पटले (अर गन वादक) राजु यादव (पेड वादक), पितम यादव, आनंद यादव, रोशन यादव,नीतु यादव,(झांकी कलाकार)आयोजक झनक राहंगडाले, श्रीमती पारन राहंगडाले, राजेश, श्रध्दा, शुभम्,कुहु राहंगडाले, प्रेम लाल राहंगडाले ,धीरज राह, संतलालराह, ईश्वर राह, एवं समस्त राहंगडाले परिवार। समरसता का भाव जगाने धर्म बाचाने संस्कारो विकास करनें गंगा की लहर चल पडी है इसमें डूबकी आवश्य लगाये। मन में बसें हैं राम जी,छवि है श्याम की।कथा का समय दोपहर 01.00 बजे से शाम श05.00बजे तक।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने गुरुवार को स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। स्थानीय पॉलीटेकनिक कॉलेज में बनाये गए स्ट्रांग में उन्होंने सीसीटीवी व रिकार्डिंग तथा सुरक्षा व्यवस्थाओ की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि स्ट्रांग रूम के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गए निर्देशों का शत प्रतिशत पालन किया जाए। किसी भी प्रकार की चूक बर्दास्त नही की जाएगी। एमपीईबी के अधीक्षण यंत्री को निर्देश दिए कि यहां बिजली व्यवस्था के सारे इंतजाम किए जाए। दो लाइन के अलावा एक जनरेटर उपलब्ध कराए। किसी भी समय बिजली की कमी नही होनी चाहिए। इस दौरान जिपं सीईओ श्री डीएस रणदा, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, आरईएस कार्यपालन श्री बघेल भी मौजूद रहे।



## कत्लखाने ले जाते हुए 7 बैल व पिकअप वाहन जप्त, आरोपी को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

पुलिस अधीक्षक बालाघाट समीर सौरभ के निर्देशन में लोकसभा चुनाव 2024 के परिपेक्ष्य में अवैध पशु को कत्ल खाने ले जाने हेतु की जा रही तस्करी करने वालों पर रामपायली क्षेत्र में एक बडी कार्यवाही पुलिस विभाग द्वारा की गई हैं।



इस विशेष अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डाबर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस वारासिवनी अभिषेक चौधरी के मार्गदर्शन में रामपायली पुलिस थाना प्रभारी चंद्रजीत यादव द्वारा 04 अप्रैल को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम रेंगाझरी-कटंगटोला के कच्चे रास्ते से एक पिकअप वाहन में पशु धन की तस्करी कर उन्हें काटने के लिए कत्ल खाने ले जाया जा रहा हैं।

सूचना मिलने पर थाना प्रभारी श्री यादव ने अपने स्टाफ के साथ घेराबंदी कर पिकअप वाहन क्रमांक एमएच 36 एए 1307 में 7 नग बैल भरे हुए पाए। जिन्हें आरोपी संतोष पिता शीतल राहंगडाले जाति पवार उम्र 30 साल निवासी खैरी थाना खैरलांजी जिला बालाघाट के द्वारा परिवहन कर कत्ल खाने लेकर जाया जा रहा था। जिस पर मौके से आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त वाहन तथा 07 नग बैलों को जप्त किया गया हैं। इन पशुओं की कीमत लगभग 70 हजार रुपये और पिकअप वाहन की कीमत लगभग 2 लाख रुपये हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुध्द पशु क्रूरता अधिनियम से संबंधित धाराओं का अपराध पंजीबद्ध किया गया हैं। गिरफ्तार शुदा आरोपी को वारासिवनी न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया हैं। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रामपायली चन्द्रजीत यादव, सहायक उपनिरीक्षक राजीव जाचक, आरक्षक राकेश लोधी, शोक रजक, लीला कुलस्ते का सराहनीय योगदान रहा हैं।

### क्या विधायक नहीं चाहते कार्रवाई हो..!

## चंद्रकांत तिवारी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

नगर की उच्च शैक्षणिक संस्था शासकीय राजा भोज महाविद्यालय में करीब 15 सालों से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जन भागीदारी समिति से चयनित होकर सहायक कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर नौकरी कर रहे चन्द्रकांत तिवारी का भंडाफोड़ बीते दिनों हो गया है. मगर, चंद्रकांत तिवारी पर अब तक कॉलेज प्रबंधन ने विधिवत कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की और ना ही कोई वसूली की गई है. अब इस पूरे मामले को लेकर पूर्व एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सागर कटौते ने महाविद्यालय प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल कानूनी कार्रवाई और नौकरी किए जाने के दौरान प्राप्त वेतन की वसूली कर शासकीय कोष में जमा कराने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा है. इसके साथ ही चेतावनी दी है कि अगर 07 दिनों के भीतर कॉलेज प्रबंधन ने कानूनी कार्रवाई नहीं की तो कॉलेज प्रबंधक के खिलाफ सड़क पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा. जिसकी सारी जवाबदेही कॉलेज प्रबंधन की होगी. वहीं सूत्रों की माने तो चंद्रकांत तिवारी को विधायक गौरव सिंह पारधी का अप्रत्यक्ष संरक्षण प्राप्त है. ऐसी चर्चा है कि विधायक ने ही महाविद्यालय के प्राचार्य को कानूनी कार्रवाई करने से रोक रखा है. बताया जाता है कि चंद्रकांत तिवारी विधायक के बेहद करीबी है और वह कॉलेज के भीतर विधायक के लिए मुखबिरी का काम करते रहे है.

यह है पूरा मामलाः दरअसल, चंद्रकांत तिवारी कॉलेज में करीब 15 सालों से फर्जी शैक्षणिक दस्तावेजों के आधार पर नौकरी कर रहे है. इस बात का खुलासा सोमनाथ पटले को सूचना के अधिकार के तहत मिले दस्तावेजों और श्री कृष्णा यूनिवर्सिटी छतरपुर के कुलपति के पत्रों के आधार पर हो चुका है. सोमनाथ पटले ने कटंगी कॉलेज में आरटीआई दाखिल की थी. जिसमें उन्होंने चन्द्रकांत तिवारी की नियुक्ति से जुड़े दस्तावेज मांगें इन दस्तावेजों में कॉलेज प्रबंधन ने आवेदक को राजीव गांधी कम्प्यूटर साक्षरता मिशन और महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी के दस्तावेज दिए थे. इन दस्तावेजों को आधार बनाकर आवेदक ने महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी में एक और आवेदन लगाया जिसका जवाब आज तक



नहीं आया. मगर, चंद्रकांत तिवारी अयोग्य पाए जाने पर कॉलेज से निकाल दिए गए और फिर कॉलेज ने नई भर्ती निकाली. इस बात फिर चंद्रकांत तिवारी को जनभागीदारी समिति ने चयनित कर लिया और इस बार उन्होंने श्री कृष्णा यूनिवर्सिटी से पीजीडीसीए उर्तीण की अंकसूची लगा ली. जिस पर सोमनाथ को पुनः संदेह हुआ तो उन्होंने कॉलेज प्रबंधन से शैक्षणिक दस्तावेजों की जांच करने के लिए आवेदन किया. सोमनाथ के आवेदन पर कॉलेज ने श्री कृष्णा यूनिवर्सिटी के कुलसचिव को पत्र लिखकर चंद्रकांत तिवारी के दस्तावेजों के संबंध में जानकारी ली. पत्र का जवाब देते हुए कुलपति ने साफ कहा कि विश्वविद्यालय में उपलब्ध रिकॉर्ड से परीक्षण करने में पाया गया कि चंद्रकांत तिवारी नाम के छात्र का विश्व विद्यालय में प्रवेश नहीं है और ना ही कोई अंकसूची जारी की गई है. कुलपति ने कॉलेज को लिखे पत्र में अनुरोध किया था कि वह चंद्रकांत तिवारी की विस्तृत जानकारी भेजें ताकि चंद्रकांत तिवारी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके।